Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

an>

Title : Need to provide stoppage to trains at Chandrapur, Maharashtra.

श्री हंसराज जी.अहीर (चन्द्रपुर) : माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय के सन्दर्भ में मेरे निर्वाचन क्षेत्र की कुछ समस्याओं के बारे में बोलना चाहता हूं।

महाराट्र के चन्द्रपुर और गढ़चिरौली जिला क्षेत्र सैण्ट्रल रेलवे तथा मध्य दक्षिण पूर्व रेलवे से सम्बन्धित है। चन्द्रपुर एक ऐतिहासिक शहर है और साथ में औद्योगिक शहर है। अनेक उद्योग और कारखाने इस शहर में हैं। आर्डिनेंस फैक्टरी भी वहां पर है। देश का सबसे बड़ा थर्मल पावर स्टेशन में पावर जनरेशन वहां होता है। कोयले की वहां अनेक खानें हैं। मैं इस क्षेत्र के महत्व की ओर मंत्री महोदय का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं कि इस क्षेत्र में रहने वाले करीब चार लाख से ज्यादा आबादी रेलवे स्टेशन पर अनेक गाड़ियां रुकते हुए भी महत्वपूर्ण गाड़ियां नहीं रुकती हैं। उन गाड़ियों के ठहराव के सन्दर्भ में आपके माध्यम से मंत्रालय से मैं विनती करना चाहता हूं। चन्द्रपुर स्टेशन पर करीब 22 गाड़ियां रुकती हैं, लेकिन महत्वपूर्ण गाड़ियां, जिनमें हैदराबाद, बैंगलौर और चेन्नई जाने वाली राजधानी एक्सप्रैस शामिल हैं, ये चन्द्रपुर स्टेशन से होकर जाती हैं। नागपुर स्टेशन से चन्द्रपुर करीब 190 किलोमीटर के अन्तर पर है। इस स्टेशन पर इन गाड़ियों का ठहराव देने की मैं आपके माध्यम से मांग कर रहा हूं। साथ में केरल एक्सप्रैस, आन्ध्र प्रदेश एक्सप्रैस और तमिलनाडू एक्सप्रैस, इन तीनों गाड़ियों का भी वहां स्टापेज नहीं है, इन तीनों गाड़ियों का ठहराव देने की मैं विनती कर रहा हूं।

वैसे ही सिकन्दराबाद से कागजनगर तक जो गाड़ी भाग्यनगरी चलती है, उस गाड़ी को कागजनगर के आगे बल्लारशाह स्टेशन तक चलायें। इसके साथ ही गोरखपुर, जी.टी., दक्षिण एक्सप्रैस गाड़ियां हमारे जिले के निर्वाचन क्षेत्र भांडक और वटोरा स्टेशन पर नहीं रुकती हैं, वहां पर भी इन गाड़ियों का स्टापेज देने की मैं आपके माध्यम से मांग कर रहा हूं। धन्यवाद।